हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 28 सितंबर 2026

**तापमान**

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

12 सरसीवां सराईपाली सड़क जर्जर,...



11 महानदी तट पर पितृ तर्पण एवं पूजन





## खबर संक्षेप

### पेंशन निराकरण शिविर आज

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग के निर्देशानुसार पेंशन प्रकरणो का शीघ्र निराकरण के लिए 28 सितम्बर को पेंशन निराकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर जिला पंचायत सभाकक्ष बलौदाबाजार में प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सभी विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को अपने एवं अधीनस्थ कार्यालयों मे लंबित पेंशन प्रकरणों का इस शिविर के माध्यम से निराकरण कराने के निर्देश दिये हैं।

### जिले में अब तक 1132 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 27 सितंबर 2026 तक 1132 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 1288 मिमी, बलौदाबाजार में 1291.4 मिमी, पलारी में 1246.1मिमी, लवन मे 1075.3 मिमी, सुहेला 1123.1मिमी, सिमगा में 1167.3मिमी, कसडोल 995.2 मिमी, भाटापारा में 1075.5 मिमी एवं सोनाखान 891.7 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 10188.2 मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 1132 मिमी है।

### आयुष्मान कार्ड बना कौशिल्या के लिए संबल



**कसडोल।** आयुष्मान भारत योजना जरूरतमंद परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का मजबूत आधार बन रही है। जिले के कटगी निवासी कौशिल्या साहू अपनी बेटी के सिकलिन का इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड का लाभ ले रही हैं। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उनकी बेटी का उपचार निःशुल्क किया जा रहा है, जिससे परिवार को आर्थिक बोझ से राहत मिली है। कौशिल्या साहू ने बताया कि बेटी के इलाज को लेकर परिवार चिंतित था, लेकिन आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलने से बड़ी राहत मिली। उन्होंने कहा कि "आयुष्मान भारत योजना आम लोगों के लिए बहुत अच्छी योजना है। पैसे के अभाव में अब लोगों को इलाज के लिए भटकना नहीं पड़ता। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल रही है।" उन्होंने इस जनकल्याणकारी योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शासन की ऐसी योजनाएं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए कठिन समय में बड़ी मददगार साबित हो रही हैं।

### बुजुर्ग के साथ गाली गलौज

**महासमुंद।** जमीन विवाद के चलते लगे स्टे को हटाने को लेकर एक व्यक्ति ने बुजुर्ग व्यक्ति के साथ गाली गलौज कर दी। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार ग्राम बोईरडीह निवासीचैतन प्रधान की गांव में खसरा नंबर 929 की जमीन है। जिस पर गांव का नकुल नंद जबरस्ती मकान बना रहाक था, जिसे लेकर गांव वालों ने भी उसे समझाया, लेकिन नहीं मानने पर चैतन प्रधान ने उप तहसील न्यायालय पिरदा में आवेदन दिया, जिस पर नायब तहसीलदार द्वारा नकुल नंद के विरूद्ध स्टे दिया है। 25 सितंबर की शाम को चैतन अपने घर के बाहर बैठा था, करीब 6 बजे नकुल नंद आकर गाली गलौज करते हुए जमीन से स्टे हटाने के लिए कहने लगा, साथ ही जान से मारने की धमकी दी।



गिधौरी



गिधपुरी

## महानदी का रौद्र रूप: बाढ के पानी से घर- दुकान डूबे, शबरी सेतु पर 5 फीट ऊपर बह रहा पानी

# बाढ़ में डूबा पूरा इलाका, छत पर ली शरण, गाड़ियां भी डूबीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

बलौदाबाजार जिले के ग्राम गिधौरी में शनिवार को गिधौरी -शिवरीनारायण महानदी का जलस्तर रौद्र रूप में था और बाढ़ का पानी तेजी से बढ रहा है और गिधौरी पुरा बाढ के चपेट में आ गया। बाढ का पानी तेज रफ्तार से बढ रहा था तथा शनिवार रात से ही घरों एवं दुकानों में बाढ़ का पानी लबालब और जलमग्न हो गया। इसके पहले बाढ से पहले कुछ दुकानदार अपना समान की सुरक्षित स्थान पर ले गए। वहीं कुछ व्यापारी आनन-फानन में अपना समान को समटने की तैयारी में थे। और सैकड़ों दुकान, घरो में करीबन 8 फीट पानी भर गया था और स्कूल में भी पानी भर गया था। महानदी शबरी सेतु पुल पर तकरीबन 5 फीट पानी ऊपर चल रहा है और गिधौरी में चारो तरफ बाढ पानी जलमग्न हो गया है। नीचले हिस्से के ग्रामीणों ने आपना-अपना घर डुबने से दुसरों के घरों में सहारा लिया गया। शासन प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सभी लोगों को अलर्ट किया गया था वहीं वट विश्राम रोड पर एक मकान पर सात लोग बाढ़ में फंसे हुये थे और रात में छत के सहारा लेकर रूके हुए थे और जनप्रतिनिधियों एवं तहसीलदार युवराज कुर्रे द्वारा पल पल में बाढ़ मे फंसे लोगों का हाल चाल पूछा। गिधौरी में बाढ़ से सभी मार्गों का आवागमन अवरुद्ध रहा। जिसमें गिधौरी से बलौदाबाजार, रायपुर मार्ग पर वर्मा ढाबा के पास लगभग 3 फीट ऊपर बाढ़ का पानी बह रहा था। गिधौरी शिवरीनारायण महानदी शबरी सेतु पर लगभग 5 फीट पानी ऊपर चल रहा है। वहीं गिधौरी से घटमडवा नाला सारंगढ़ मार्ग पर लगभग 10 फीट पानी ऊपर चल रहा है तथा गिधौरी से टुण्डरा रोड पर तकरीबन 4 फीट पानी पहुंच गया। और परसापाली नाला में सात फीट पानी ऊपर चल रहा था चारो तरफ जलमग्न से आवागमन बाधित रहा।





### मोहान में गोठान डूबा, ग्रामीणों को शिफ्ट करने की बनी थी तैयारी

गिधपुरी।। पलारी तहसील के बिजराडीह, मोहान और अमेठी समेत महानदी तटवर्ती गांव बाढ़ की चपेट में आ गए थे। मोहान गांव में भी बाढ़ का पानी तेजी से बढ़ा। गांव का गोठान पूरी तरह जलमग्न हो गया और करीब 12 फीट ऊंचा गोठान का सेट भी पानी में समा गया। निचली बस्ती के करीब 30 लोगों को पंचायत भवन में लाया गया था। वहां भी पानी पहुंचने के बाद ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की तैयारी शुरू कर दी गई थी। करीब 700 ग्रामीणों को भवानीपुर में बनाए जा रहे अस्थायी राहत कैंप में शिफ्ट करने की तैयारी थी। ग्रामीणों के मुताबिक वर्ष 2003 के बाद पहली बार महानदी का पानी इस तरह गांव तक पहुंचा। हालांकि अब जलस्तर काफी हद तक नीचे आ गया है और ग्रामीण खतरे से बाहर हैं। स्थिति सामान्य होने पर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली तथा संकट की घड़ी में सहयोग और बचाव कार्य के लिए शासन प्रशासन के प्रति आभार जताया।

### बाढ़ के पानी से घिरे 9 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला

**गिधौरी।** पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस जिले में भारी बारिश एवं बाढ़ की स्थिति के बीच आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा हेतु पूरी तत्परता से मैदान में डटी हुई है। इसी क्रम में रविवार को थाना गिधौरी पुलिस टीम, एस डी आर एफ (राज्य आपदा मोचन बल) एवं स्थानीय प्रशासन की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम गिधौरी में बाढ़ के पानी में फंसे एक ही परिवार के 09 सदस्यों को सकुशल बाहर निकाला। रविवार को थाना गिधौरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गिधौरी में महानदी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित एक मकान के चारों तरफ अचानक बाढ़ का पानी भर गया। देखते ही देखते जलस्तर बढ़ने से घर में मौजूद 09 लोग पूरी तरह पानी से घिर गए और बाहर निकलने में असमर्थ हो गए। घटना की सूचना प्राप्त होते ही थाना गिधौरी पुलिस बल, प्रशासन एवं एसडी आर एफ की रेस्क्यू टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत व बचाव अभियान शुरू किया। रेस्क्यू बोट एवं सुरक्षा उपकरणों की मदद से संयुक्त टीम ने अत्यंत सतर्कता बरतते हुए सभी 09 व्यक्तियों को सुरक्षित एवं सकुशल बाहर निकाला। रेस्क्यू के पश्चात सभी प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस लगातार मुस्तैद- वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार जिले के समस्त जलमग्न एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस बल लगातार पेट्रोलिंग कर स्थिति पर नजर बनाए हुए है।



### शाम को मामूली घटा जलस्तर

महानदी का जलस्तर तेज रफ्तार से बढने से कार एवं बाईक नहीं हटा पाने के कारण से कार एवं बाईक बाढ का पानी से डुब गया है और सैकड़ो दुकान, घर आदि बाढ के पानी से प्रभावित हुआ है। पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा गिधौरी में नजर बनाऐ हैं। दोपहर बाद बाढ का पानी बहुत धीरे - धीरे से कम हो रहा था और शाम तक मात्र डेढ दो फीट के बीच कम हुआ है। गिधौरी में चारो तरफ आवागमन बाधित है बाढ का पानी से अभी लोगों को बहुत परेशानियों एवं कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है लोगों को थोडा बहुत बाढ़ से नुकसान होने की अशंका जताई जा रही है।

# 36 घंटे बाद नाले में बहे अंकित की झाड़ियों में फंसी मिली लाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

- तेज बहाव में पुल पार करते समय बहा था 24 वर्षीय युवक
- एनडीआरएफ ने चलाया था सर्च ऑपरेशन

शुक्रवार रात तेज बारिश के बाद उफन रहे नाले को पार करना 24 वर्षीय अंकित पाठक को भारी पड़ गया। तिल्दा-कोहका-रजिया मार्ग पर पुल के ऊपर से बह रहे तेज पानी के बीच नाला पार करते समय अंकित बह गया था। करीब 36 घंटे की तलाश के बाद रविवार सुबह उसका शव घटनास्थल से लगभग 300 मीटर दूर झाड़ियों में फंसा मिला। शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची टीम ने उसे बाहर निकाला, जिसके बाद उसकी पहचान बिरगांव निवासी अंकित पाठक ⏭ शेष पेज 11 पर

### शनिवार को दिखे बहते व्यक्ति की गुत्थी बरकरार

अंकित की तलाश के दौरान शनिवार को यह सूचना तेजी से फैली कि कोटा नाले पर बने पुल के नीचे एक व्यक्ति पानी के तेज बहाव में बहता हुआ दिखाई दिया है। सूचना के बाद पुलिस ने कोटा के आगे नाले के हिस्से में भी उसकी तलाश की। कुछ लोगों ने तो बहते व्यक्ति को बचाने के लिए उफनते नाले में छलांग लगाने की भी कोशिश की।हालांकि रविवार सुबह जब अंकित का शव घटनास्थल से करीब 300 मीटर दूर झाड़ियों में फंसा मिला, तो शनिवार को दिखाई दिए व्यक्ति को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। क्या वह अंकित ही था, या तेज बहाव में कोई दूसरा व्यक्ति दिखाई दिया था? फिलहाल इस संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। नाले के आसपास के गांवों में भी किसी अन्य व्यक्ति का शव मिलने की सूचना नहीं है। ऐसे में यह संभावना जताई जा रही है कि शनिवार को बहते हुए दिखाई दिया व्यक्ति अफवाह या पानी के तेज बहाव के कारण बना भ्रम भी हो सकता है। हालांकि इसकी पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

### बहन के घर आया था अंकित

बताया गया कि शुक्रवार को बिरगांव निवासी अंकित पाठक अपने दो दोस्तों के साथ तिल्दा के पास ग्राम खुडमुड़ी में रहने वाली अपनी बहन के घर घूमने आया था। रात करीब 9 बजे अंकित अपने दोनों दोस्तों के साथ वापस घर जाने के लिए निकला था। इसी दौरान तिल्दा-कोहका-रजिया मार्ग पर नाले के ऊपर बने पुल को पार करते समय तेज बहाव की चपेट में आकर वह बह गया। उसके दोनों दोस्त किसी तरह सुरक्षित नाला पार कर गए, लेकिन अंकित पानी के तेज बहाव में बह गया। रविवार सुबह शव मिलने के बाद परिवार में मातम पसर गया। 36 घंटे तक चली तलाश का अंत अंकित के शव मिलने के साथ हुआ, लेकिन शनिवार को बहते दिखाई दिए व्यक्ति की कहानी अब भी सवाल बनी हुई है।

# रायपुर-बलौदाबाजार फोर लेन को मिली रफ्तार, खरोरा से खोरसी तक सर्वे पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

नेशनल हाईवे 130 बी रोड रायपुर से सारंगढ़ तक निर्माण के लिए स्वीकृत हुआ है लेकिन प्रशासन की ओर से जमीन की प्रक्रिया के कार्य धीमी यांति से पाल रही है लोगों को संचय बना हुआ था कि यह रोड बनेगा या नहीं लेकिन अब संचय दूर होता नजर आ रहा है। विभिन्न विभागों के अधिकारी लोक निर्माण विभाग राजस्व विभाग एवं वन विभाग के साथ ही बिजली विभाग की टीम इस पर लगी हुई है को जमीन को लेकर चिन्ह अंकित किया है जिसमें से रोड के सभी होटल दुकान एवं व्यावसायिक परिसर के साथ ही निवास स्थान तक 50 फीट के दायरे में आ रहा है लेकिन विभागों के द्वारा सही जानकारी नहीं दिया जाने के कारण लोगों में रोड की चौड़ाई को लेकर अनिश्चितको ⏭ शेष पेज 11 पर



### खोरसी तक 17 हेक्टेयर जमीन होगी अधिग्रहित

रोड के सभी बिजली खंबों को हटाने एवं रोड में आने वाले पेड़ों को काटने के लिए वन विभाग द्वारा चिन्ह अंकित किया गया है रोड निर्माण के लिए प्रशासन द्वारा लगभग सभी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है खरोरा से लगभग 15 किलोमीटर दूरी तक खोरसी गांव तक का सर्वेक्षण का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। इस सर्वे के दौरान 20 से 21 खसरो की लगभग 17 हेक्टेयर जमीन पर सड़क बनाने के बारे में विभाग द्वारा जानकारी बताया गया है ⏭ शेष पेज 11 पर

# ड्रीम इंडिया नेशनल प्ले स्कूल का संचालक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसींवां

मुड़पार में स्थित ड्रीम इंडिया नेशनल प्ले स्कूल के संचालक विवेक सिंह, निवासी उड़ीसा के फरार होने की जानकारी मिली है। मिली जानकारी अनुसार स्कूल संचालक ने बिना पूर्व सूचना के 2026 सत्र के पूर्व ही ताले लगाकर रफू चक्कर हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों में अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा हासिल कराने निजी विद्यालय में ऊंची फीस देकर एडमिशन कराते हैं लेकिन ऐसे स्कूल के संचालक की मनमानी, लापरवाही से विद्यार्थियों को प्राथमिक शिक्षा भी सही ढंग से नहीं मिल पाती और बच्चों को बीच में ही अन्य स्कूलों में दाखिला दिलाई जाती है इससे छोटे बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस स्कूल में प्रायमरी स्कूल के करीब 200 से ज्यादा छोटे बच्चे पढ़ाई करते थे इनके अचा नक चले जाने से बच्चों व अभिभावकों को काफी असुविधा हो रही है। संचालक ⏭ शेष पेज 11 पर



## एक ही परिवार के कई पीढ़ियों ने एक साथ दी परीक्षा

# राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान में 1403 शिक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर सह अध्यक्ष कुलदीप शर्मा जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण बलौदाबाजार-भाटापारा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सह उपाध्यक्ष सुश्री दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा का आयोजन 27 सितंबर को किया गया। इस महापरीक्षा में शिक्षार्थी बढ़-चढ़कर पूरे उत्साह से सम्मिलित हुए। जिला में 200 घंटे एवं 7 अध्याय का स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से शिक्षार्थियों को उनके सुविधानुसार स्थान व समय पर अध्यापन कार्य किया गया। ऐसे शिक्षार्थियों की संख्या 1467 है जिसमें से इस महापरीक्षा में 1403 ने परीक्षा में सम्मिलित हुए।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव शिव कुमार गेंदले ने बताया की जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के 157 परीक्षा केन्द्रों में चिन्हांकित ग्राम,वार्ड प्रभारी (प्रधानपाठक) को केन्द्राध्यक्ष बनाया गया तथा उस संस्था के शिक्षक पर्यवेक्षक एवं मूल्यांकन का कार्य सफलतापूर्वक किये। परीक्षा में सम्मिलित शिक्षार्थियों ने पढ़ना (50 अंक), लिखना (50 अंक) तथा गणित (50 अंक) कल 150 अंक की परीक्षा दिये। ⏭ शेष पेज 11 पर



### शिक्षार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत

परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त रोशनी, हवा एवं पानी की व्यवस्था केन्द्राध्यक्षों द्वारा किया गया। परीक्षा केन्द्रों में रंगोली से सजावट की गई थी शिक्षार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कुछ परीक्षा केन्द्रों में सेल्फी पाइंट बनाया गया था। वातावरण निर्माण के लिए गांव के दीवारों में साक्षरता नारा लिखा गया। परीक्षा केन्द्रों में पोस्टर-बैनर लगाया गया। परीक्षा केन्द्र में सास-बहू, पति-पत्नी, सगी बहनें, देवरानी-जेठानी तथा एक ही परिवार के पति-पत्नी, सास-ससुर, बेटा-बहू ने महापरीक्षा दिलाई।

## खबर संक्षेप

### समाजसेवी सुधाकर कोंडापुरकर का देहदान

रायपुर। समाजसेवी, वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं सेवानिवृत्त केंद्रीय बैंक अधिकारी सुधाकर माधवराव कोंडापुरकर का दो दिन पहले निधन हो गया। उनकी अंतिम इच्छा अनुसार मृत्युपरांत देहदान का उनके परिवार ने पूर्ण सम्मान करते हुए इसे साकार किया। उनकी आंखें एवं त्वचा दान की गई है, ताकि इन्हें आवश्यकता वाले मरीजों में प्रत्यारोपित कर उनके जीवन में नई रोशनी और नई आशा लाई जा सके। वे सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी रहे तथा महाराष्ट्र मंडल, रायपुर में अध्यक्ष एवं ट्रस्टी के रूप में सेवाएं दीं।

### आमसभा-समारोह में सम्मानित हुए किसान

रायपुर। सहकारी सोसायटी सेजबहार द्वारा वार्षिक साधारण आमसभा एवं किसान सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम के पहले सत्र में वित्तीय वर्ष के एजेंडों पर चर्चा कर उन्हें स्वीकृति दी गई, वहीं दूसरे सत्र में किसान सम्मान समारोह हुआ, जिसमें विधायक मोतीलाल साहू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि किसान के लिए सहकारिता और सोसायटी महत्वपूर्ण है। खेती-किसानी में सोसायटी किसान की साथी है। इस दौरान विधायक ने किसानों को सम्मानित किया। सोसायटी के धान खरीदी स्थल पर क्रंकीटीकरण मंडी बोर्ड से कराने की पहल करने की घोषणा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मार्कफेड के अध्यक्ष शशिकांत द्विवेदी, रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, जिला पंचायत रायपुर उपाध्यक्ष संदीप यदु, सरपंच कोमल जांगड़े, जिला सहकारी संघ प्रबंधक मंजूषा तिवारी, प्रबंधक विजय ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मोहदा में मारपीट, आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम मोहदा में एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के खिलाफ सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम मोहदा के माधव पटेल के साथ आरोपी होरीलाल पटेल, कुमार पटेल, लोरित पटेल ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। प्रार्थी माधव ने पुलिस को बताया कि 25 सितंबर को गणेश विसर्जन के दौरान उसके बेटे जयकृष्ण पटेल के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। जिसे लेकर वह 26 सितंबर को आरोपियों से पूछताछ कर रहा था, लेकिन आरोपियों ने मिलकर माधव के साथ भी मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### महिला के साथ पति ने की मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ मारपीट किए जाने के मामले में सिटी कोतवाली थाने में आरोपी पति के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पिथौरा निवासी विद्या देवांगन ने पुलिस को बताया कि वह वार्ड नं 04 पिथौरा थाना पिथौरा में रहती है। 23 सितंबर की सुबह करीबन 10.30 बजे उसके पति राजू देवांगन द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का तथा डंडे से मारपीट किया है। मारपीट से दोनों हाथ तथा दोनों पैरों में चोटें आई है। मारपीट करने के बाद उसे बाहर निकाल कर घर में ताला लगा दिया, जिसके बाद वह अपने पडोसी के घर में रही। इसके बाद अपने बेटे को लेकर किसी तरह महासमुंद आयी और अपनी बहन के घर चली गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध शून्य (बिना नंबरी) प्रथम सूचना रिपोर्ट क्रमांक 00/08/26 बीएनएस की धारा 296,115(2),351(3) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मुख्य घटनास्थल थाना पिथौरा का होने के कारण अग्रिम वैधानिक कार्रवाई हेतु प्रकरण की डायरी संबंधित थाना को प्रेषित की जा रही है।

### 40 लीटर महुआ शराब बरामद

महासमुंद। बसना पुलिस ने ग्राम मुड़ीडीह तालाब किनारे भंवरपुर के पास एक व्यक्ति के कब्जे से 40 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मुडीडीह तालाब किनारे मेन रोड भंवरपुर के पास एक व्यक्ति अवैध शराब बिकी करने के लिए रखा हुआ है।

---

कहीं डीजे की धुन पर थिरके युवा तो कहीं धुमाल की पारंपरिक धुन पर झूमे श्रद्धालु

# गांव-गांव गूंजा गणपति बप्पा मोरया, गिधपुरी से भवानीपुर तक निकली भव्य विसर्जन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधपुरी

गणेश उत्सव के समापन अवसर पर रविवार को गिधपुरी अंचल सहित आसपास के विभिन्न गांवों में भगवान गणेश की प्रतिमाओं का धूमधाम और भक्तिभाव के साथ विसर्जन किया गया। गिधपुरी से लेकर भवानीपुर तक गांव-गांव निकली विसर्जन यात्राओं में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। गिधपुरी, भवानीपुर, सिसदेवरी, बम्हनी, चरौदा, मोहान, धौराभाटा, हरीनभट्ठा, लटेरा, रिवाडीह, मलपुरी सहित आसपास के विभिन्न ग्रामों में गणेश समितियों द्वारा गाजे-बाजे के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक ले जाया गया। इस दौरान पूरे अंचल में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। विसर्जन यात्रा में कहीं डीजे की धुन पर युवा और श्रद्धालु जमकर थिरकते नजर आए तो कहीं धुमाल की पारंपरिक धुनों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। गणपति बप्पा के जयकारों से गांवों की गलियां गूंज उठीं। श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर उत्सव की खुशियां साझा कीं और नाचते गाते हुए अपने आराध्य को विदाई दी। विभिन्न गणेश पंडालों से निकली विसर्जन यात्राओं में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। जगह-जगह ग्रामीणों ने विसर्जन यात्रा का स्वागत किया। श्रद्धालु "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के जयघोष के साथ प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल तक लेकर पहुंचे। गणेश समितियों के सदस्यों और ग्रामीणों ने विसर्जन कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने में सहयोग किया। प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ ही कई दिनों से चल रहा गणेश उत्सव संपन्न हो गया। बप्पा की विदाई के दौरान श्रद्धालुओं के चेहरे पर भावुकता नजर आई, वहीं अगले वर्ष फिर से गणपति बप्पा के आगमन की उम्मीद और उत्साह भी दिखाई दिया।







## डीजे की धुन और गाजे-बाजे के साथ गणेश विसर्जन, युवक-युवतियां जमकर थिरके

**खरोरा ।** ग्राम भरुवाडीह कला में गणेश उत्सव के समापन अवसर पर भक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का भव्य विसर्जन किया गया। डीजे की धुन, गाजे-बाजे और गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से पूरा गांव भक्तिमय हो उठा। विसर्जन यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई, वहीं युवक-युवतियां एवं श्रद्धालु डीजे की भक्तिमय धुन पर जमकर थिरकते नजर आए। इस दौरान भगवान गणेश की प्रतिमा को श्रद्धा एवं विधि-विधान के साथ विसर्जन स्थल तक ले जाया गया। गणेश विसर्जन कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सदस्य हीरा सिंह वर्मा, दिले राम वर्मा, काविस साहू सहित अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने भी कार्यक्रम में विशेष रूप से सहभागिता निभाते हुए श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाया और गणेश उत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी ग्रामीणों एवं समिति सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।



## रंग मंदिर भटगांव से निकली गणेश की विसर्जन शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

नगर पंचायत भटगांव के ब्राह्मण पारा स्थित रंग मंदिर में 10 दिनों से विराजित भगवान श्री गणेश का विसर्जन अनंत चतुर्दशी पर बड़े ही गमगीन और भक्तिमय माहौल में किया गया। बीपी जोन के युवाओं द्वारा स्थापित बप्पा को जब विदाई दी जा रही थी तो पूरा पंडाल गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष से गूंज उठा और कई युवाओं की आंखें नम हो गईं। इस साल बीपी जोन ब्राह्मण पारा ने रंग मंदिर प्रांगण में आकर्षक पंडाल सजाया था। फूल-मालाओं, झालरों और लाइटों से पूरे ब्राह्मण पारा को दुल्हन की तरह सजाया गया था। गणेश चतुर्थी पर धूमधाम से स्थापना के बाद से लगातार 10 दिनों तक सुबह-शाम महाआरती, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण होता रहा। रोजाना सुबह 7 और शाम 7 बजे की आरती में सैकड़ों श्रद्धालु जुटते थे। महिलाओं की टोलियां लड्डुओं का भोग लेकर पहुंचती थीं। बच्चे पंडाल के आकर्षण में दिनभर डटे रहते थे।

**शनि चौक से गायत्री मंदिर तक निकली शोभायात्रा:** विसर्जन के दिन दोपहर से ही रंग मंदिर में भीड़ उमड़ पड़ी। अंतिम आरती और हवन के बाद बप्पा की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा रंग मंदिर से शनि चौक, शीतला चौक, साईं मंदिर, गायत्री मंदिर और बस स्टैंड होते हुए विसर्जन तालाब तक पहुंची। आगे-आगे ढोल-नगाड़े और डीजे की धुन पर बीपी जोन के युवा एक ही रंग की टी-शर्ट में /"एक दो तीन चार, गणपति की जय जयकार/" के जयकारे लगाते हुए नाचते-गाते चल रहे थे। एकता का यह दृश्य देखते ही बन रहा था। जगह-जगह नगरवासियों ने फूल बरसाकर बप्पा की आरती उतारी।

## 14 करोड़ का सरोना स्टेशन बारिश में बेहाल दीवारों से सीपेज, छत से टपकने लगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी से लगे सरोना रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करीब 14 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित किया गया है। विगत 17 जुलाई को स्टेशन का उद्घाटन हुआ, लेकिन दो महीने में ही स्टेशन पर निर्माण कार्य और यात्री सुविधाओं की हकीकत सामने आने लगी है। हरिभूमि की टीम इसकी पड़ताल के लिए स्टेशन पहुंची तो यहां स्टेशन में अभी से सीपेज, दरार, बंद लिफ्ट और कई जगहों से पानी टपकते हुए दिखा। स्टेशन परिसर में प्रवेश करते ही टिकट काउंटर की दीवार पर सीपेज दिखाई दिया। नई इमारत में दीवारों पर नमी के निशान निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े करते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक जाने के लिए लगाई गई दो लिफ्ट में एक बंद मिली। ऐसे में बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांग यात्रियों को फुट ओवरब्रिज का सहारा लेना पड़ा। रेलवे ने स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने का दावा किया था, लेकिन उद्घाटन के दो महीने बाद ही सामने आई ये खामियां निर्माण कार्य की गुणवत्ता और रखरखाव पर गंभीर सवाल खड़ा करती हैं।

### तेज बारिश में ही दिखने लगीं सीपेज और दरारें

लगातार तेज बारिश में स्टेशन निर्माण की गुणवत्ता सामने आ गई। मुख्य प्रवेश द्वार समेत कई स्थानों पर दीवारों में सीपेज साफ दिखाई दे रहा है। कुछ जगहों पर दरारें भी नजर आने लगी हैं। खास बात यह है कि रेलवे अधिकारियों को सीपेज की समस्या सामने आने के बाद एजेंसी पर पेनाल्टी भी लगाई थी, इसके बाद संबंधित स्थानों पर पेंट कर सीपेज और दरारों को ढंकने का प्रयास किया गया, लेकिन अब दोबारा कई जगहों पर सीपेज उभर आया है। अब स्टेशन की वर्तमान स्थिति वैसी ही हो चुकी है, जैसे पुनर्निर्माण के पहले थी।

### जनसुविधा शौचालय अब तक शुरू नहीं

स्टेशन परिसर में सीएसआर फंड से लाखों रुपए की लागत से जनसुविधा शौचालय का निर्माण कराया गया था, लेकिन उद्घाटन के बाद भी इसे शुरू नहीं किया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए बनाई गई यह व्यवस्था अब तक उपयोग में नहीं लाई जा सकी है। वर्तमान में आधुनिक शौचालय पर ताला लगा हुआ है, जिससे यात्रियों को इसका कोई लाभ नहीं मिल रहा। करोड़ों रुपए की लागत से स्टेशन के आधुनिकीकरण के बावजूद यह बुनियादी सुविधा शुरू नहीं हो पाना रेलवे की तैयारियों पर सवाल खड़ा करता है।

## ग्रामीणों व महिला कमांडो को दिए ऑनलाइन ठगी से बचाव के टिप्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा आम नागरिकों को ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी एवं साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने हेतु निरंतर 'साइबर जागृति अभियान' चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 27.09.2026 को थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा ग्राम सकरी(प) में एक दिवसीय साइबर जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विवरण एवं साइबर सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण टिप्स - आयोजित कार्यक्रम में पलारी पुलिस टीम द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को वर्तमान समय में हो रहे विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के प्रति सचेत किया गया और उनसे बचाव के निम्नलिखित उपाय साझा किए गए। ओटीपी एवं पिन गोपनीयता: किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ अपना बैंक ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम कार्ड नंबर या पासवर्ड साझा न करें। फर्जी कॉल एवं लकी ड्रॉ झांसा: लॉटरी, इनाम, या बैंक खाता ब्लॉक होने का झांसा देने वाली फर्जी कॉल्स एवं अज्ञात मैसेजेस से सावधान रहें। अज्ञात लिंक्स एवं ऐप्स: व्हाट्सएप या एसएमएस पर प्राप्त अज्ञात लिंक्स पर क्लिक न करें तथा अनधिकृत लोन ऐप्स इंस्टॉल करने से बचें। सोशल मीडिया सुरक्षा: सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम) का सुरक्षित उपयोग करने और प्राइवेसी सेटिंग्स मजबूत रखने की सलाह दी गई।



### जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की सहभागिता

कार्यक्रम में ग्राम सकरी(प) के सरपंच कुलदीपक खन्ना, महिला कमांडो अध्यक्ष टिकेश्वरी साहू सहित लगभग 80 की संख्या में ग्राम की महिला कमांडो, महिलाएं एवं पुरुष ग्रामीण उपस्थित रहे। उपस्थित जनसमुदाय एवं महिला कमांडो टीम ने पुलिस की इस पहल की सराहना की तथा साइबर सुरक्षा के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस समस्त नागरिकों से अपील करती है कि साइबर अपराध का शिकार होने पर या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में बिना समय गंवाए तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा अपने नजदीकी थाना या राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर संपर्क करें।

## कबाड़ियों ने चोरी कराने बनाया नाबालिगों का गैंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खमतराई थाना क्षेत्र के दो कबाड़ी, जिनमें एक बर्तन का भी कारोबार करता है, दोनों के द्वारा 12 से 15 साल तक के बच्चों का गैंग तैयार कर निर्माणाधीन मकान सहित अन्य घरों में मकान निर्माण तथा बिजली के उपकरण चोरी कराई जा रही थी। सीसीटीवी फूटेज की मदद से पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें नौ नाबालिग भी शामिल हैं। दोनों ने मिलकर नाबालिगों से



सरस्वती नगर तथा खमतराई थाना क्षेत्र में आधा दर्जन चोरी की वारदातें कराई हैं।

चोरी के आरोप में पुलिस ने गुढ़ियारी मुर्रा भट्ठी निवासी किशुन भारती तथा शांति एस. जोसेफ को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 43 किलोग्राम कॉपर वायर एवं एसी कॉपर पाइप जब्त किए हैं। आरोपियों को पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज तथा आसपास के लोगों की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों कबाड़ी अपनी दुकान के आसपास घूमने वाले बच्चों को कबाड़ उठाकर लाने के लिए कहते थे। इसके एवज में उन कबाड़ियों द्वारा बच्चों को जंक फूड खिलाया जाता था।

## 'नमो सेवा' नाटक में दिखाई केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत राजधानी रायपुर के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में मंचित नाटक 'नमो सेवा की अनकही कहानियां' और जवान सम्मान समारोह के माध्यम से सुशासन, जनकल्याण और राष्ट्रवाद के संदेश को एक साथ जनता तक पहुंचाया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा, राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक अनुज शर्मा, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन तथा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और आम नागरिक मौजूद रहे।

इस नाट्य प्रस्तुति का मुख्य उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी सफलता को भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से जनता के बीच स्थापित करना रहा। नाटक में किसान, महिला और सामान्य वर्ग के पात्रों के माध्यम से दिखाया गया कि किस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई नीतियों ने आम जनजीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीबों को मिले मुफ्त इलाज और प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के मकान के सपने के साकार होने की यात्रा को रेखांकित किया गया। 'पीएम किसान सम्मान निधि', 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' की सुरक्षा और छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना' के प्रभावों को संवादों के जरिए प्रभावशाली ढंग से सामने रखा गया।नाटक के एक विशेष दृश्य में वर्ष 2001 के गुजरात भूकंप की विभीषिका और उसके बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के पुनर्निर्माण मॉडल को भी प्रस्तुत किया गया। इसके जरिए यह संदेश दिया गया कि आपदा के दौर में कुशल प्रशासनिक नेतृत्व और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति से किस तरह विकास की नई इबारत लिखी जा सकती है। सुशासन के संदेश के साथ-साथ कार्यक्रम में राष्ट्रवाद की धारा भी प्रमुखता से देखने को मिली।

---

अब तक सिर्फ एक दर्जन जिलों के कुछ ही विभागों ने दिया प्री-एडवांस

# राजधानी में तीन हजार से ज्यादा सरकारी बिजली कनेक्शन, सिर्फ जिला पंचायत ने कराया प्रीपेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सरकारी विभागों की अपने बिजली कनेक्शनों को प्रीपेड करने में रुचि ही नहीं दिख रही है। राजधानी रायपुर में ही तीन हजार से ज्यादा सरकारी कनेक्शन हैं, इनमें से महज एक जिला पंचायत ने ही प्री-एडवांस देकर अपना कनेक्शन प्रीपेड कराया है। बाकी विभाग प्री-एडवांस ही नहीं दे रहे हैं। ऐसी ही स्थिति प्रदेश के ज्यादातर जिलों की है। अब तक करीब एक दर्जन जिलों के गिनती के विभागों ने ही प्री-एडवांस जमा कराया है। वैसे प्रदेशभर में पॉवर कंपनी सरकारी



कनेक्शन कट करने का भी काम कर रही है। रायपुर में भी तीन दर्जन से ज्यादा कनेक्शन कट किए गए। कई विभाग अपना बकाया भी जमा कर रहे हैं। सरकारी विभागों का बकाया पॉवर कंपनी के लिए हमेशा से सिरदर्द रहा है। ऐसे में स्मार्ट मीटर योजना के बाद अब सरकारी विभागों के कनेक्शनों को प्रीपेड करने का प्रयास इस साल मार्च से प्रारंभ किया। इसमें अब जाकर बड़ी मुश्किल से थोड़ी-सी सफलता मिली है। प्रदेश के डेढ़ लाख से ज्यादा सरकारी कनेक्शनों को प्रीपेड करने की योजना है, लेकिन इसमें महज करीब 8 प्रतिशत कनेक्शन ही प्रीपेड हो सके हैं।

### सिर्फ इन जिलों ने ही दिया प्री-एडवांस

जिस सरकारी विभागों ने पॉवर कंपनी को प्री-एडवांस दिया है, उसमें प्रदेश स्तर के क्रेडा और विधि-विधायी विभाग ने अपने प्रदेशभर के कनेक्शनों के लिए प्री-एडवांस दिया है। इसके अलावा एक भी सरकारी विभाग ने अपने प्रदेशभर के कनेक्शन्स के लिए एडवांस नहीं दिया है। पॉवर कंपनी ने जिलों के हिसाब से सरकारी विभागों के ग्रुप बनाकर उनको कोड दिया है। ऐसे में कुछ जिलों ने अपने जिले के सरकारी विभागों का प्री-एडवांस देना प्रारंभ किया है। वैसे ये विभाग भी गिनती के ही हैं। परिवहन विभाग में बिलासपुर, मुंगेली, महासमुंद, मरवाही, बलौदाबाजार, बालोद, दंतेवाड़ा जिलों ने प्री-एडवांस दिया है। इसी तरह से पशुपालन विभाग का एकमात्र बलौदाबाजार जिले ने ही पैसा दिया है। लोक निर्माण विभाग में कांकेर और दुर्ग शामिल हैं। जिला पंचायतों में रायपुर जिला पंचायत सहित खैरागढ़, दुर्ग, बलौदाबाजार, बालोद, रायगढ़, मुंगेली और सूरजपुर शामिल हैं। इसी तरह से जनपद पंचायतों में दुर्ग, बलौदाबाजार, बालोद शामिल हैं।

## खबर संक्षेप



### खुटेरी में गणेश प्रतिमा का विसर्जन

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम पंचायत खुटेरी में गणेश प्रतिमा का विसर्जन धूमधाम से किया गया। गणेश विसर्जन में सरपंच सुशील मांझी, सरपंच गेश राम पटेल, रमेश बरियाव, कुंज राम पटेल सहित सभी पंचगण व ग्रामीणजन मौजूद रहे।



### समाज ने कराई पति-पत्नी के बीच सुलह

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम अर्जुनी करिया धुर्वा मंदिर में 27 सितंबर को विश्वकर्मा समाज एवं बाल पंचों की मौजूदगी में विश्वकर्मा भगवान के समक्ष में पति-पत्नी के बीच समाज द्वारा सुलह कराया गया। दोनों मतभेद होने के कारण अलग-अलग हो गए थे। इस दौरान शिवलाल विश्वकर्मा अध्यक्ष, बेदराम दुलार सचिव, नीलकंठ, बिना प्रसाद, तुलाराम, क्षेत्रो, मोहन, रामकुमार, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।



### बेटी दिवस पर बेटियों का किया सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में बेटी दिवस पर मंदिर में पूजा अर्चना की गई। शिक्षक मंजू चंद्राकर ने कहा कि इस दिन बेटियों का सम्मान करते हैं। किसी भी परिवार की खुशियों और भावनाओं का अहम हिस्सा होती हैं। कभी माता-पिता की लाडली, कभी भाई-बहनों की दोस्त तो कभी परिवार की जिम्मेदारियों को संभालने वाली बेटी अपने रिश्तों से घर को जोड़कर रखती है। बेटी के इसी प्यार, सम्मान और महत्व को समर्पित है। हर साल 27 सितंबर को बेटी दिवस मनाया जाता है।



### आंगन मिलन कार्यक्रम

**सरायपाली।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विधानसभा के आंगनबाड़ी केंद्र गढ़गांव में आयोजित आंगन मिलन कार्यक्रम में सरला कोसरिया सम्मिलित हुई। इस अवसर पर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता के साथ गर्भवती महिलाओं का गर्भ संस्कार एवं अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। मातृशक्ति के स्वास्थ्य, संस्कार का यह संकल्प निरंतर जारी रहेगा।

### स्थानांतरण होने पर सहायक शिक्षक को दी गई विदाई

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में कार्यरत सहायक शिक्षक विज्ञान प्रकाश चंद्राकर का स्थानांतरण शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रूआबांधा होने पर शाला परिवार द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य भारत सिंह साहू ने कहा कि प्रकाश चंद्राकर विगत 5 वर्षों से विद्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, विद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता तथा विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के विकास में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम में शाला खिलेश कुमार साहू, संतोष ने अपने विचार व्यक्त किए।

# उत्कृष्ट कार्यकर्ता-सहायिकाओं का हुआ सम्मान, अतिथियों ने किया मुनगा पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक सेवा के 25 साल पूर्ण होने पर सेवा संकल्प अभियान चल रहा है। इसके तहत 25 सितंबर से आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ हो चुका है जो 7 अक्टूबर तक चलेगा। आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों में माताओ बच्चों और समुदाय की सहभागिता को बढ़ावा देना तथा पोषण स्वास्थ्य और प्रारंभिक बाल देखभाल एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के योगदान को सम्मानित करना भी है। आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के माध्यम से माताओं एवं समुदाय को आंगनबाड़ी केंद्रों से और अधिक जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। वही उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान देने वाले कार्यकर्ता एवं सहायिकाओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों के द्वारा मुनगा पेड़ रोपण किया गया। इस दौरान कोनारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शांति पटेल, रितु भारद्वाज, सुशीला पटेल, तरुण लता कुर्रे, सहायिका लक्ष्मी चेलक, कौशिल्या पटेल, उषा टंडन, लक्ष्मी कुर्रे, मल्लीन से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा साहू, संजना ध्रुव व सहायिका हिमांशु ध्रुव, तमन्ना ध्रुव मोहतरा से कार्यकर्ता तृप्तिराज भारद्वाज सहायिका बसंती बेना एवं दिनेश सेन, अनीता, दिनेश पटेल दुलारी साहू, कुमारी रमला साहू, मीना, जानकी, दुकाला, एवती, कामता, टिकेश्वरी एवं उर्मिला रजक प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### आंबा केंद्रों में मनाया गया आंगन मिलन सेवा उत्सव



#### मेहंदी, चित्रकला व स्वस्थ बच्चा प्रतियोगिता के साथ नेवता भोज का हुआ आयोजन

इसी कड़ी में 25 सितंबर को ग्राम पंचायत कोनारी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक में कोनारी मोहतरा मल्लीन एवं सिरसाही की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका की उपस्थिति में आंगन मिलन सेवा उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में कोनारी सरपंच अनुराधा पाठक, मल्लीन सरपंच, रामकली, महेश मिर्झा, उपसरपंच बूंदा साहू, कोनारी पंच उमा साहू, कृषि मित्र हरबंस साहू शामिल हुए। आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी में मेहंदी प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता स्वस्थ बच्चा प्रतियोगिता स्वादिष्ट थालिका प्रदर्शन एवं रेडी टू ईट के पकवानों की प्रदर्शनी किया गया। साथ ही नेवता भोज का भी आयोजन किया गया। सेक्टर सुपरवाइजर मलका खान ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं का माध्यम ही नहीं बल्कि बच्चों के समग्र विकास और समुदाय की सहभागिता के महत्वपूर्ण केंद्र हैं।

**बाढ़ :** छह माह की बच्ची समेत महिलाएं और बच्चे पूरी रात पानी के बीच रहे खड़े

# 15 घंटे पानी में फंसे रहे 6 माह की बच्ची समेत 30 लोग, नगर सेना ने नाव से निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधपुरी

लगातार बारिश और गंगरेल बांध के 14 गेट खोले जाने के बाद महानदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया था। पलारी तहसील के बिजराडीह, मोहान और अमेठी समेत महानदी तटवर्ती गांव बाढ़ की चपेट में आ गए थे। बिजराडीह में सब्जी बाड़ी में सो रहे 30 लोग करीब 15 घंटे तक बाढ़ के पानी में फंसे रहे। इनमें छह माह की बच्ची, महिलाएं और छोटे बच्चे भी शामिल थे। नगर सेना की टीम ने नाव के सहारे सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। बिजराडीह में रात करीब एक बजे अचानक बाढ़ का पानी सब्जी बाड़ी में घुस गया। देखते ही देखते पानी घुटनों से कमर तक और फिर कई फीट तक पहुंच गया। धर्मेंद्र सायतोड़े अपनी पत्नी नीलम और छह माह की बच्ची योगिता के साथ



बाड़ी में सो रहे थे। पानी बढ़ने पर नीलम ने बच्ची को सीने से लगाकर पूरी रात पानी के बीच खड़े रहकर बिताई। परिवारों ने बच्चों को ठंड और पानी से बचाने के लिए ऊंची जगहों पर रखा। चार वर्षीय युवराज, छह वर्षीय बिंदिया और एक वर्षीय रिया समेत कई बच्चे भी पूरी रात बाढ़ के बीच फंसे रहे। बाढ़ की चपेट में आने से करीब 25 सब्जी बाड़ियों और धान की फसल को नुकसान पहुंचा। बैल और ट्रैक्टर भी पानी में डूब गए। सुबह के बाद भी जलस्तर बढ़ता रहा और पानी करीब सात से आठ फीट तक पहुंच गया। करीब 15 घंटे बाद नगर सेना की टीम नाव लेकर पहुंची और



सबसे पहले महिलाओं व बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद बुजुर्गों और पुरुषों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया।

### अमेठी में पुल से 12 फीट ऊपर बहा पानी

महानदी तट पर स्थित अमेठी गांव भी बाढ़ के दौरान चारों तरफ से पानी से घिर गया था। खैरा नाला उफान पर होने के कारण करीब दो किलोमीटर क्षेत्र में पानी ही पानी नजर आ रहा था। अमेठी घाट के पुल से करीब 12 फीट ऊपर पानी बह रहा था। बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिले के 14 पुल पुलियों पर आवागमन रोक दिया गया था। प्रशासन की लगातार निगरानी और राहत बचाव दल की सक्रियता से प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति अब नियंत्रण में है। जलस्तर काफी नीचे आने के बाद बिजराडीह, मोहान और अमेठी सहित आसपास के गांवों में ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों ने बाढ़ के दौरान प्रशासन, नगर सेना और बचाव दल द्वारा किए गए रेस्क्यू एवं निगरानी कार्य के लिए शासन प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रशासन ने नागरिकों से अभी भी सतर्क रहने और नदी, नाले, पुल एवं चेकडेम के आसपास जाने से बचने की अपील की है। आपात स्थिति में जिला कंट्रोल रूम के नंबर 07727-222454 पर संपर्क करने कहा गया है।



### करही बाजार में बाढ़ का कहर

**करहीबाजार।** पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते शिवनाथ नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। गंगरेल बांध से छोड़े गए पानी के कारण शिवनाथ नदी में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिसका असर करही बाजार और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है। बाढ़ के पानी से कई घरों और सड़कें पूरी तरह जलमग्न हो गई हैं। बाजार परिसर और ग्राम पंचायत भवन में भी पानी घुस गया है। वहीं आसपास के निचले इलाकों में पानी लगातार बढ़ने से ग्रामीणों में चिंता का माहौल है। अपनी सुरक्षा को देखते हुए ग्रामीण सुरक्षित स्थानों की ओर जाने लगे हैं। बाढ़ के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। आवागमन बाधित होने के साथ ही बाजार क्षेत्र में भी पानी भर गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य करने की उम्मीद और आशा की है और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करने की अपेक्षा है करही बाजार सरपंच कमला अरुण निषाद बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों के प्रति चिंता जाहिर की है।



## राज्य स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा में साक्षी व करिश्मा का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा में सिमगा ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा की साक्षी वर्मा और करिश्मा पाल का चयन होने से वॉलीबॉल प्रेमियों में हर्ष का वातावरण है। इस बारे में विद्यालय के व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि 28 से 30 सितंबर तक रायगढ़ में राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित है, जहां जूनियर वर्ग के सभी संभागों से बालक और बालिकाओं की टीम शामिल होंगे, जिसमें रायपुर संभाग का ये दोनों खिलाड़ी प्रतिनिधित्व करेंगे। विदित है कि विगत तीन सालों से नवापारा विद्यालय से विभिन्न खेल विधाओं में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी लगातार निकल रहे हैं । इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए बलौदा बाजार जिला ओलंपिक संघ के सचिव आदित्य सिंह ने कहा कि फुटबॉल, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स आदि खेलो का निरंतर अभ्यास चलता है। जिसके कारण गांव में साल भर,खेल का बेहतरीन वातावरण बना रहता है,साथ ही क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों का काफी सहयोग भी रहता है, अब नवापारा खेल गांव बनते जा रहा है। इस उपलब्धि के लिए सिमगा जनपद अध्यक्ष दौलतपाल, सरपंच डोमार सिंह मारकंडे, पूर्व सरपंच भुवनेश्वर वर्मा, उप सरपंच लोकनाथ वर्मा, शिक्षक उत्तम कुमार साहू, सत्येंद्र कुमार चौबे, पार्षद सचिन जैन व समस्त ग्राम वासियों ने शुभकामनाएं दी है।





# स्व. शांताराम सर्राफ को सीएम साय ने दी श्रद्धांजलि

**भाटापारा।** मदकूद्वीप की विलुप्त सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित कर विश्व मानचित्र पर प्रतिष्ठित करने वाले, श्री हरिहर क्षेत्र केदार मदकूद्वीप धाम के सर्जक, परम श्रद्धेय स्वर्गीय श्री शांताराम सर्राफ जी की प्रथम पुण्यतिथि के पावन अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर शत-शत नमन किया। स्व. सर्राफ जी का संपूर्ण जीवन धर्म, संस्कृति और समाज सेवा के लिए समर्पित रहा। मदकूद्वीप धाम के रूप में उन्होंने छत्तीसगढ़ को जो अमूल्य और अलौकिक धरोहर प्रदान की है, वह युगों-युगों तक अविस्मरणीय रहेगी। इस पुण्य अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, मंत्री दयालदास बघेल, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक,



भाजपा कोर कमेटी सदस्य शिवरतन शर्मा मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले, पूर्व विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, अखिल भारतीय संत समिति के प्रदेश अध्यक्ष संत रामस्वरूप दास महात्यागी, छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा अभिकरण के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विधायक पुरंदर की पदयात्रा जारी

**रायपुर।** नशामुक्त भारत और नशामुक्त छत्तीसगढ़ के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रायपुर में आयोजित नशामुक्त भारत पदयात्रा सप्ताह का दूसरा दिन भी उत्साह एवं व्यापक जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के नेतृत्व में नि क ली




पदयात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न समाजों के प्रमुखजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा स्कूल-कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता निभाई। पदयात्रा की शुरुआत भगत सिंह चौक, गौरव पथ से हुई। प्रारंभ में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात पदयात्रा गौरव पथ से होते हुए आंबेडकर चौक पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन किया गया।

# महानदी तट पर पितृ तर्पण एवं पूजन

**गिधौरी।** पितृ पक्ष के शुभारंभ पर नगर में पितरों की आत्मशांति एवं उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए महानदी के पावन तट पर विधि-विधान से तर्पण एवं पितृ पूजन का आयोजन किया गया। नगर के प्रसिद्ध महाराज' ने श्रद्धालुओं को पितृ पूजन, तर्पण एवं धार्मिक अनुष्ठान की विधि बताते हुए पूजन संपन्न कराया। पितृ पक्ष हिंदू धर्म में पूर्वजों के प्रति श्रद्धा, कृतज्ञता और स्मरण का विशेष अवसर माना जाता है। इस दौरान श्रद्धालु अपने पितरों के निमित्त तर्पण, पिंडदान एवं पूजा-अर्चना कर उनकी आत्मशांति के लिए प्रार्थना करते हैं।

श्रद्धालुओं ने पितरों का स्मरण कर तर्पण किया तथा परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना



की। महाराज ने कहा कि पितृ पक्ष हमें अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके संस्कारों को स्मरण करने का अवसर देता है। वहीं, शिवरीनारायण महानदी में बाढ़ का रौद्र रूप देखने को मिला। जलस्तर बढ़ने से आसपास के क्षेत्रों में चिंता का माहौल रहा। ऐसे में धार्मिक आस्था के साथ नदी एवं जल स्त्रोतों की सुरक्षा और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के पालन की अपील भी की गई। पितृ पक्ष 27 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चलेगा। पूर्वजों की पूजा की परंपरा अत्यंत प्राचीन मानी जाती है और इसका उल्लेख वैदिक काल से मिलता है। वैदिक ऋचाओं में पितरों का आह्वान करते हुए उनसे वंशजों के लिए सुख, समृद्धि एवं शक्ति की कामना की गई है।

## पेज 9 के शेष

### 36 घंटे बाद...

के रूप में हुई।अंकित के नाले में बहने के बाद एनडीआरएफ की टीम के साथ तिल्दा पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस और बचाव दल नाले के आसपास के हिस्सों में सर्च ऑपरेशन चला रहे थे।

### रायपुर-बलौदाबाजार फोर...

स्थिति बनी हुई है। दुकानदारों को जो नोटिस दिया गया है। कहीं भी रोड की लंबाई -चौड़ाई के बारे में लिखा नहीं गया है इस कारण दुकानदारों को चिंता सताया हुआ है। दूसरी ओर फोर लाइन बनने से लोगों में उत्साह एवं रोड बनने का इंतजार है।

### खोरसी तक 17...

अब विभाग द्वारा प्रभावित खसरों का अधिकारी के प्रकाशन कर संबंधित भूस्वामियों से दावा आपत्ति आमंत्रित की जाएगी। इस रोड का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद रायपुर से खरोरा को दूरी तय करने में लगने वाला समय आधा हो जाएगा जिससे संसाधनों को भारी सुविधा मिलेगी इस रोड लाइन के लिए लंबे समय से क्षेत्र के लोगों द्वारा यह मांग की जा रही थी अब फोरलाइन का मास्टर प्लान तैयार हो गया है। तब देखना होगा कि रफ्तार से यह काम पूरा हो पता है या नहीं। लोगों में फोरलाइन 130 बी को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है।

### ड्रीम इंडिया नेशनल...

ने स्कूल भवन में संचालित भवन के किराए एवं विभिन्न कार्यों, दुकानों से खरीदी गई सामग्रियों के बकाये दिए बिना जाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने आसपास क्षेत्रों में पतासाजी की गई लेकिन इनका पता नहीं चला इनका दोनों मोबाइल नंबर से संपर्क नहीं हो पा रहा है। स्कूल संचालक विवेक ने मुड़पार के कपिल साहू के मकान में स्कूल संचालित था जिसके किराए 1.50 लाख रुपए, रायकोना के गाड़ी वाले का 20 हजार रुपए, मुड़पार के रोहित साहू के हार्डवेयर दुकान के बकाया 10 हजार रुपए, मुड़पार के नंद कुमार साहू के 19 हजार रुपए, बिलासपुर के संजू साहू के 15 हजार रुपए विभिन्न कार्यों के बकाया पेमेंट दिए बिना फरार हो गए। लोगों ने ऐसे स्कूल संचालक से सचेत रहते हुए कार्यवाही करने की मांग की है।

### राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान...

परीक्षा में सम्मिलित शिक्षार्थियों को अंक पत्र सह साक्षरता प्रमाण पत्र स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग एवं राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा प्रदान किया जायेगा। परीक्षा के एक-दो दिन पूर्व केन्द्राध्यक्ष एवं उस संस्था के शिक्षकों व स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से शिक्षार्थियों को घर-घर जाकर पीला चावल एवं शिक्षार्थी पर्ची देकर परीक्षा में उपस्थित हाने के लिए निमत्रंण दिया गया। परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक था जिसमें शिक्षार्थी अपनी सुविधाजनक समय पर उपस्थित होकर परीक्षा में सम्मिलित हुए।



## खबर संक्षेप

### लकेश्वर का राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में चयन

**खरोरा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी के कक्षा नवमीं के छात्र लकेश्वर निषाद का 14 वर्ष बालक वर्ग की राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। ग्राम चिंगरिया निवासी लकेश्वर के चयन से विद्यालय एवं परिवार में उत्साह का माहौल है। पुत्र के चयन पर पिता शंकर लाल निषाद ने खुशी व्यक्त करते हुए इसे गौरव का क्षण बताया। विद्यालय की प्राचार्य सीमा



मेश्राम ने लकेश्वर को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन करने के लिए उत्साहवर्धन किया। व्यायाम शिक्षक पुष्कर साहू ने लकेश्वर को नियमित अभ्यास करवाते हुए प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह तैयार किया तथा उसके बेहतर प्रदर्शन के लिए लगातार प्रोत्साहित किया। विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ ने भी लकेश्वर को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 28 सितंबर से 01 अक्टूबर तक रायगढ़ में किया जाएगा। इस उपलब्धि पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया के प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कनकी के विद्यालय परिवार एवं प्रतिभावान विद्यार्थी लकेश्वर निषाद को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।

### कचरा फेंकने की बात पर विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में कचरा फेंकने की बात पर हुए विवाद और मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नं 7 खरोरा निवासी आरबिन धीवर ने बताया कि 26 सितंबर को सुबह करीबन 06.30 बजे वह दुकान के सामने झाड़ू लगा रही थी, तभी उसका पड़ोसी अशोक चंद्राकर मेरे तरफ कचरा फेंक रही हो कहकर गाली गलौज करने लगा। जिसे उसके पति भागवत प्रसाद धीवर ने मना किया। तब खिलेंद्र चंद्राकर व रितिक चंद्राकर ने आकर गाली गलौज करते हुए उसके पति भागवत प्रसाद धीवर के साथ मारपीट करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### स्प्रेयर नहीं देने पर महिला से मारपीट

**महासमुंद।** खेत में दवा छिड़कने वाले स्प्रेयर को नहीं देने पर एक महिला के साथ मारपीट के मामले में सरायपाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को अंबेडकर नगर निवासी रजनी मिर्धा ने बताया कि 26 सितंबर को शाम करीब 05:30 बजे सुशील कुमार मिर्धा घर आया और खेत में दवाई छिड़कने वाले स्प्रेयर को मांगने लगा, जिस पर उसने स्प्रेयर को देने से मना कर दिया, इस पर सुशील गाली गलौज करते हुए सुशील ने मारपीट करने लगा। इसी दौरान बीच बचाव करने आए उसके पति के साथ सुशील मिर्धा की मां ममता मिर्धा, उसका भाई विजय मिर्धा ने भी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थिया, उसके पति श्रीराम मिर्धा व बेटी हस्तिना मिर्धा, बेटे प्रवीण मिर्धा के साथ मारपीट की। आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## निधन

### खोरबाहरा वर्मा

**बलौदाबाजार।** ग्राम गैतरा निवासी



जनक राम वर्मा एवं ओम वर्मा के पिता खोरबाहरा वर्मा का 27 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# सशिमं अर्जुनी में 318 छात्र छात्राओं ने वंदे मातरम का किया सामूहिक गान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तहत 25 सितंबर को विद्यालय परिसर में 318 छात्र-छात्राओं ने वंदे मातरम का सामूहिक गान किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति बलौदाबाजार ईशान वैष्णव रहे। वहीं अध्यक्षता खोड़सराम कश्यप सरस्वती शिक्षा संस्थान जिला प्रतिनिधि पूर्व शिक्षक एवं मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम सरस्वती माता ,भारत माता, ओमकार के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात आए हुए अतिथियों का छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्प गुच्छ व तिलक लगाकर सम्मान किया गया। इस आयोजन में डमरूधर वर्मा सचिव महावीर शिक्षण समिति ने कहा कि नमामि वंदे मातरम का देश भर में राष्ट्रगीत का गायन किया जा रहा है। साथ ही 150वीं वर्षगांठ मनाया जा रहा है। वंदे मातरम पूरे जन जन में समाहित होना चाहिए। वंदे मातरम कोई नारा नहीं यह मंत्र है। जिससे ऊर्जा व उत्साह प्रवाहित होती है। यह हमें देशभक्ति एवं राष्ट्र प्रेम के साथ चलने की प्रेरणा देती है। प्रत्येक छात्र-छात्राओं में देशभक्ति एवं राष्ट्र प्रेम जागृत होना चाहिए और वंदे मातरम के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

### राष्ट्रीय गीत के महत्व और गौरव से विद्यार्थियों को कराया गया परिचित



#### प्रार्थना शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा

ईशान वैष्णव जिला पंचायत सभापति बलौदाबाजार ने कहा कि देशभक्ति राष्ट्रभक्ति युवाओं में होने की जरूरत है। भारत की भूमि में भारत के राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गान के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही वीर योद्धा एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर छात्र-छात्राओं को जानकारी साझा की तथा वंदे मातरम के महत्व पर प्रकाश डाला गया और सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में धूप बरसात को देखते हुए प्रार्थना शेड की आवश्यकता पर 10 लाख रुपए देने की घोषणा की गई।कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य चैन सिंह वर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर में पूर्व सरपंच प्रमोद जैन, व्याख्याता मुकेश वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा ,चिंतामणि साहू, संतोष वर्मा, गंगा प्रसाद यदु, हर्ष वर्मा, संजय रजक, प्राचार्य चैन सिंह वर्मा ,आचार्य पुरुषोत्तम वर्मा, माखन, बसंत वर्मा, लक्ष्मी नारायण निषाद, श्रवण निषाद, रिपु सूदन श्रीवास, वीरेंद्र वर्मा, किशोरी लाल ध्रुव, कमला वर्मा, पार्वती ध्रुव, भागमती निषाद, फाल्गुनी वर्मा, नम्रता साहू, प्रीति वर्मा सहित आचार्य एवं दीदीया तथा छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिक इस कार्यक्रम के साक्षी बने।

## ठेकेदार ने उखाड़ी सड़क, डामरीकरण करना भूला, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की बढ़ी मुसीबत

# सरसीवां सराईपाली सड़क जर्जर,16 किमी के सफर में बने दर्जनों गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसीवां

सरसीवां क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से सरसीवां से सराईपाली सडक मार्ग की स्थिति अत्यंत दयनीय, जर्जर और जानलेवा बन गया है।इस मार्ग पर राहगीरों के लिये सफर करना कठिन और जोखिम भरा बना हुआ है। सरसीवां से डोगरीपाली सीमा तक का सड़क मार्ग इन दिनों बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हो गया है। सड़क मार्ग से मोटरसाइकिल सवार अपने परिवार वालों के साथ सफर करने में कतराने लगे हैं वे हमेशा डरे और सहमें रहते हैं आयें दिन सड़क पर बने गड्ढे से दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर चोटिल हो रहे हैं। सरसीवां से सरायपाली सड़क मार्ग के गांव मुड़पार, टाटा, मनपसार, नारबंद, हरदी से घरजरा सीमा तक की सड़कें बेहद खराब हो गई है। शासकीय आत्मानंद हाईस्कूल गाताडीह स्कूल गेट के सामने की सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे होने से स्कूली विद्यार्थियों को स्कूल के अन्दर और बाहर निकलते वक्त बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सरसीवां से घरजरा, डोगरीपाली, माता नाला सीमा तक 16 किलोमीटर का सफर करने के लिए घण्टों का समय लगता है।उल्लेखनीय है कि संबंधित सड़क ठेकेदार ने बरसात के पूर्व ही 16 किलोमीटर तक की सड़कों के डामरीकरण की उखाड़ दिये थे उखाड़ने के बाद भी बारिश के पूर्व डामरीकरण और सीसी रोड नहीं बनाए जाने से यह मार्ग जानलेवा बन गया है। इस संदर्भ में जब संबंधित अधिकारी से बात की जाती है तो वे समयावधि में निर्माण कार्य पूर्ण करने का रटा रटाया जवाब देते हैं। अंचल के लोगों ने इस मार्ग में निर्मित गड्ढों को जल्द समतल करने की मांग की है।



### ईदगाह के सामने जर्जर सड़क के गड्ढों की कराई गई मरम्मत

**बलौदाबाजार।** बलौदाबाजार-सिमगा मार्ग पर ईदगाह के सामने जर्जर सड़क और जगह-जगह बने गड्ढों की समस्या को लेकर नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद शेख सलमान द्वारा संबंधित विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए शीघ्र मरम्मत की मांग की गई थी। शिकायत के बाद विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क के गड्ढों को ठोस मटेरियल से भरकर समतल कर दिया है। विभाग द्वारा आगामी दिनों में डामर डालकर सड़क की स्थायी रिपेयरिंग किए जाने का आश्वासन भी दिया गया है। गौरतलब है कि ईदगाह के सामने मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति के कारण आम नागरिकों, राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती थी। जनसमस्या को गंभीरता से लेते हुए शेख सलमान ने संबंधित विभाग को पत्र सौंपकर सड़क की शीघ्र मरम्मत की मांग की थी। शेख सलमान ने सड़क के गड्ढों को भरकर तत्काल राहत देने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की सुविधा और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विभाग द्वारा दिए गए आश्वासन के अनुसार जल्द ही डामरीकरण का कार्य भी पूरा किया जाएगा।



# ग्राम पोंसरी को विवाद मुक्त बनाने निकली जागरूकता रैली




हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



उच्चतम न्यायालय के तत्वावधान में संचालित सामुदायिक मध्यस्थता पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत बलौदाबाजार जिले का चयन किया गया है। परियोजना के तहत जिले के चयनित पांच ग्रामों को सामुदायिक मध्यस्थता के माध्यम से विवादमुक्त ग्राम बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ग्राम पोंसरी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलौदाबाजार द्वारा महाअभियान के तहत जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विनीत वार्नर तथा सचिव आलोक पांडेय के मार्गदर्शन में आयोजित अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को आपसी विवादों के शांतिपूर्ण, सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए मध्यस्थता के प्रति जागरूक करना रहा। अभियान के दौरान ग्राम पोंसरी में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को बताया गया कि प्रत्येक विवाद का समाधान न्यायालय तक पहुंचकर ही हो, यह आवश्यक नहीं है। आपसी संवाद, समझ और सहमति के माध्यम से भी विवादों का समाधान किया जा सकता है। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों को मध्यस्थता की प्रक्रिया एवं इसके लाभों की जानकारी दी तथा पैम्फलेट वितरित किए।

#### समय और धन की बचत

अधिकारियों ने बताया कि मध्यस्थता के माध्यम से पक्षकारों को आपसी सहमति से विवाद का समाधान खोजने का अवसर मिलता है। इससे समय एवं धन की बचत होने के साथ ही आपसी संबंधों और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने में भी सहायता मिलती है। सामुदायिक मध्यस्थता का उद्देश्य न्याय को लोगों के करीब लाते हुए 'विवाद से संवाद और संवाद से समाधान' की भावना को गांव-गांव तक पहुंचाना है। जागरूकता रैली में ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से शांतिपूर्ण एवं विवाद मुक्त ग्राम के निर्माण में सामुदायिक सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को छोटे-बड़े विवाद आपसी बातचीत, समझ एवं सहमति से सुलझाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि ग्राम पोंसरी सहित चयनित सभी ग्राम सामाजिक सौहार्द एवं आपसी सहयोग की मिसाल बन सकें।

# कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर 30 को संभागीय धरना-प्रदर्शन व रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों एवं समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, पेंशनर एसोसिएशन सहित संबद्ध कर्मचारी संगठनों द्वारा 30 सितंबर को एक दिवसीय संभागीय धरना-प्रदर्शन एवं रैली का आयोजन किया जाएगा। संघ के जिलाध्यक्ष मनोज दुबे, पेंशनर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पीके हिरवानी एवं संबद्ध संगठनों के पदाधिकारियों ने आंदोलन की तैयारियों को लेकर जानकारी दी। आंदोलन के माध्यम से कर्मचारियों की लंबित मांगों को शासन तक पहुंचाकर शीघ्र निराकरण की मांग की जाएगी। संघ के पदाधिकारियों के अनुसार मांगों को लेकर पूर्व में शासन स्तर पर ज्ञापन एवं ध्यानाकर्षण कराया जा चुका है। प्रदेश के विभिन्न तहसील एवं जिला मुख्यालयों में कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारियों के माध्यम से मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपे गए। जनप्रतिनिधियों को भी मांगों से अवगत कराया गया, लेकिन अपेक्षित निर्णय नहीं होने के कारण आंदोलन का निर्णय लिया गया है।संघ ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के स्थान पर सीमित विभागीय परीक्षा का प्रावधान, अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत की सीमा समाप्त कर लंबित प्रकरणों का निराकरण तथा संविदा, दैनिक वेतनभोगी एवं अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित कर सेवा सुरक्षा देने की मांग भी उठाई है।

#### ये हैं प्रमुख मांगें

संघ ने 1 जनवरी 2026 से केंद्र की तिथि के अनुसार 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत करने तथा प्रदेश के कर्मचारियों-अधिकारियों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता और पेंशनरों को महंगाई राहत देने की मांग की है। इसके अलावा कर्मचारियों-अधिकारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने, अवकाश नगदीकरण की सीमा 240 दिवस से बढ़ाकर 300 दिवस करने, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों का वेतनमान पुनरीक्षित करने तथा शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना कर संपूर्ण सेवा लाभ देने की मांग शामिल है।

# नवपदस्थ तहसीलदार सूर्यवंशी का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

तहसील सरसीवां में नवपदस्थ तहसीलदार मनीष कुमार सूर्यवंशी का अधिवक्ता संघ भटगांव की ओर से आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अधिवक्ता संघ भटगांव के अध्यक्ष अधिवक्ता फिरितलाल खटकर ने तहसीलदार सूर्यवंशी से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट किया तथा नवदायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। स्वागत के दौरान तहसील क्षेत्र में राजस्व संबंधी कार्यों, लंबित प्रकरणों एवं आम नागरिकों से जुड़े विभिन्न मामलों को लेकर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष फिरितलाल खटकर ने प्रशासन और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर समन्वय की



आवश्यकता पर जोर देते हुए उम्मीद जताई कि नवपदस्थ तहसीलदार के कार्यकाल में राजस्व मामलों के निराकरण तथा आम लोगों से जुड़े कार्यों में सकारात्मक गति आएगी। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर राजस्व संबंधी मामलों में अधिवक्ताओं और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल रहने से पक्षकारों को भी सुविधा मिलती है। साथ ही, समयबद्ध तरीके से प्रकरणों के निराकरण की दिशा में सकारात्मक वातावरण तैयार होता है। वहीं, तहसीलदार मनीष कुमार सूर्यवंशी ने अधिवक्ता संघ की ओर से किए गए आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रशासन एवं अधिवक्ताओं के बीच आपसी समन्वय को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि दोनों पक्षों के सहयोग से आम नागरिकों को राजस्व संबंधी मामलों में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ की ओर से नवपदस्थ तहसीलदार सूर्यवंशी को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गईं। स्वागत कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## महाविद्यालय व संस्थाओं को योजना से लाभ लेने की पात्रता नहीं

# फसल विविधीकरण से आत्मनिर्भरता की ओर कदम, किसानों को मिलेगा आर्थिक संबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत में राहत देने के लिए कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई है। साथ ही फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्म निर्भरता के लक्ष्य के साथ इस योजना के तहत चिन्हित अन्य फसलों पर भी आदान सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है।



योजनान्तर्गत धान के स्थान पर अन्य खरीफ की फसल लेने वाले कृषकों को तथा पूर्व से ही खरीफ में दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास लेने वाले कृषकों को आदान सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है। विगत खरीफ में धान की फसल लेने वाले ऐसे कृक्षक, जिन्होनें आगामी खरीफ में धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल लेने के लिए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराया हो, उन्हें राशि रूपए 15000 प्रति एकड़ एवं पूर्व से ही खरीफ में दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास की फसल लेने वाले कृषकों को 10000 प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदाय की जाएगी।

#### किसे मिलेगा लाभ और क्या हैं शर्तें?

कृषक उन्नति योजना का लाभ केवल उन्हीं कृषकों को मिलेगा जिन्होंने एकीकृत किसानों पोर्टल एवं एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य रूप से कराया हो। विगत खरीफ मौसम में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाये हो तथा गिरदावरी पूर्ण हो। जिनके द्वारा खरीफ मौसम में दलहन, तिलहन, मक्का लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी एवं रागी) व कपास फसल के लिए पंजीयन कराया गया हो। योजना के दिशा-निर्देशानुसार विधिक व्यक्तियों तथा ट्रस्ट, मण्डल, प्राईवेट लिमि., कम्पनी, शाला विकास समिति, केन्द्र एवं राज्य शासन के संस्थान, महाविद्यालय आदि संस्थाओं को योजना से लाभ लेने की पात्रता नहीं होगी।

